Nai Dunia (Indore), 19th April 2012, Page-02

# तीन वर्षों में आकार लेगा आईआईटी कैंपस

■ शासन ने दी सभी अनुमतियाँ

■ कमिश्नर ने लिया जमीन का जायजा

इंदौर। सिमरोल में आईआईटी के लिए आवंटित जमीन पर शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। संभागायुक्त प्रभात पाराशर ने भूमि का शीघ्र सीमांकन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। संभागायुक्त ने सिमरोल स्थित जमीन का मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने भूमि हस्तांतरण की जानकारी ली। मौके पर मौजूद महू अनुविभागीय अधिकारी व अतिरिक्त तहसीलदार को निर्देशित किया कि आईआईटी को हस्तांतरित भूमि को अतिक्रमण से भी मुक्त करवाएँ। संभागायुक्त ने सात दिनों में कार्रवाई पूरी करने को कहा। आईआईटी इंदौर के रजिस्ट्रार राजशेखर ने जानकारी दी कि जमीन पर शीघ्र ही निर्माण शुरू किया जाएगा। आईआईटी स्थापना पर कुल 2 हजार करोड़ रुपए खर्च होना हैं। पहले चरण में 388 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य होंगे। सबसे पहले बाउंड्रीवॉल का निर्माण शुरू किया जाएगा।-नप्र